एक नजर में

साले ने जीजा पर किया धारदार हथियार से हमला

शाजापुर, 16 फरवरी . ग्राम भरड़ में एक साले ने जीजा पर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया . घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है . हालांकि मामले में किसी भी पक्ष ने कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है . घटना सोमवार दोपहर करीब 2 से 3 बजे के बीच भरड़ गांव के शिव मंदिर के पास हुई . घायल देवास जिला निवासी सुनील नुक्ते के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ग्राम भरड़ आए थे . कार्यक्रम समाप्त होने के बाद जब वह घर लौट रहे थे . तभी उनके साले जितेंद्र ने रास्ते में रोककर उन पर हमला कर दिया . हमले में सुनील के सिर और पैर में गंभीर चोट आई हैं . सुनील के अनुसार उनकी शादी 25 अप्रैल 2025 को ग्राम पिपलिया इंदौर गांव में हुई थी . शादी के बाद से ही साला जितेंद्र इस बात को लेकर विवाद कर रहा था कि उसकी बहन सुनील के साथ ससुराल नहीं जाएगी . पारिवारिक विवादों के चलते पहले भी इस बात को लेकर गाली गलौज और झगड़े होते रहे थे . सोमवार को मौका पाकर जितेंद्र ने सुनील पर हमला कर दिया . घायल सुनील को उनके छोटे साले और पत्नी की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया . डॉक्टरों ने पुष्टि की है कि चोट धारदार हथियार से लगी है . कोतवाली थाना प्रभारी संतोष वाघेला का कहना है कि अब तक किसी भी द्वारा कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है . यदि शिकायत मिलेगी तो उचित कार्रवाई की जाएगी .

वकील की हत्या के विरोध में प्रदर्शन

शाजापुर, 16 फरवरी . प्रदेश में वकीलों पर लगातार हो रहे हमलों के विरोध में सोमवार को शाजापुर जिला अभिभाषक संघ ने आक्रोश जताया . वकीलों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री और कलेक्टर के नाम तहसीलदार सुनील पाटिल को ज्ञापन दिया . इस दौरान वकीलों ने एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को तुरंत लागू करने की मांग की . दरअसल, शिवपुरी के करेरा में अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना की गोली मारकर की गई हत्या की घटना से शाजापुर के वकीलों में भारी आक्रोश है . विरोध स्वरूप 16 फरवरी को जिले के सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से विरक्त रहे और न्यायालय में पैरवी नहीं की . वकीलों का कहना है कि डबरा सहित अन्य जिलों में भी वकीलों पर हमले की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे पूरे समुदाय में असुरक्षा का माहौल है . इस दौरान ज्ञापन के माध्यम से जिला अभिभाषक संघ ने राज्य सरकार से मांग की है कि एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए . वकीलों का कहना है कि वे लंबे समय से इस कानून की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है . उन्होंने मुख्यमंत्री मोहन यादव से दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने और वकीलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की है .

ट्रैक्टर की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

शाजापुर, 16 फरवरी . जिले के मक्सी थाना क्षेत्र में रविवार रात सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत हो गई . घटना उज्जैन-मक्सी रोड पर स्थित रेलवे फाटक के पास रात करीब 10 से 11 बजे के बीच हुई . एक ट्रैक्टर ने बाइक सवार बुजुर्ग को टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए . हादसे के बाद घायल बुजुर्ग को तत्काल शाजापुर जिला अस्पताल ले जाया गया . डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया . मृतक की पहचान मक्सी निवासी तेजाराम 50 वर्ष के रूप में हुई है . शव को रातभर पोस्टमार्टम रूम में रखा गया और सोमवार सुबह 10 बजे कानूनी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम किया गया . इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया . अस्पताल पुलिस चौकी पर तैनात प्रधान आरक्षक पदम सिंह ने बताया कि इस मामले में जीरो पर मर्ग कायम कर संबंधित थाने को जांच के लिए भेजा गया है . घटना के बाद ट्रैक्टर ड्राइवर वाहन सहित मौके से फरार हो गया . पुलिस फरार ड्राइवर की तलाश कर रही है . मामले की जांच में जुटी है . मृतक के परिजन ईश्वर ने बताया कि तेजाराम किसी काम से ग्राम दोनता गए थे और वापस लौटते समय हादसा हुआ .

जंगली जानवर ने अब घंसौदा में भैंस को बनाया शिकार

ग्रामीण बता रहे तेंदुआ, विभाग लकड़बग्घा-कुत्ता बताकर कर रहा टालमटोल

शाजापुर, 16 फरवरी. जिले के सलसलाई थाना क्षेत्र के ग्राम घंसौदा में सोमवार को एक जंगली जानवर ने खेत में बंधी भैंस और उसके बछड़े पर हमला कर एक बार फिर गांव में दहशत फैला दी है. इस हमले में दोनों मवेशी बुरी तरह घायल हो गए हैं, जिससे इलाके के ग्रामीणों में भारी डर और चिंता का माहौल है.

सरपंच राजेंद्र सिंह राजपूत ने जानकारी दी कि गांव में जंगली जानवर के हमले का यह पहला मामला नहीं है. इससे पहले 3 फरवरी को भी एक काले हिरण का शिकार हुआ था, जिसके पैरों के निशान भी मिले थे. इसके बाद 10 फरवरी को सलसलाई के जंगलों में एक हिरण और उसके बच्चे पर हमला हुआ. ग्रामीणों का कहना है कि अब यह जानवर पालतू मवेशियों को भी अपना शिकार बनाने लगा है.

पुलिस ने कहा सतर्क रहें ग्रामीण

सलसलाई थाना प्रभारी जनक सिंह रावत ने बताया कि उनके पास आधिकारिक सूचना तो नहीं है, लेकिन उन्होंने सुरक्षा के मद्देनजर ग्रामीणों को सावधान रहने को कहा है . जंगली जानवर की मौजूदगी को देखते हुए ग्रामीणों को सलाह दी गई है कि रात के समय अकेले खेत या सुनसान रास्तों पर न जाएं . अपने पालतू जानवरों को सुरक्षित और बंद स्थानों पर बांधें . किसी भी संदिग्ध जानवर के दिखने पर तुरंत वन विभाग या पुलिस को सूचित करें .

वन विभाग की कार्रवाई पर उठे सवाल ...

ग्रामीणों ने वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है . लोगों का दावा है कि उन्होंने इलाके में तेंदुआ देखा है, लेकिन विभाग की टीम इसे लकड़बग्घा या कुत्ता बताकर बात टाल देती है . ग्रामीणों का गुस्सा इस बात को लेकर है कि बार-बार जानकारी देने के बाद भी विभाग ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है . इस मामले में डिप्टी रेंजर ललित उपाध्याय का कहना है कि सूचना मिलते ही टीम को मौके पर भेज दिया गया है . सरपंच की मादा तेंदुआ देखे जाने की बात पर विभाग अब पिंजरा लगाने की तैयारी कर रहा है .

टैक्स भर दिया, अनुमति मिल गई, फिर भी नहीं मिला नल कनेक्शन

पानी के लिए दर-दर भटक रहा पीड़ित का परिवार

शाजापुर, 16 फरवरी. नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 28 स्थित दुपाड़ा रोड निवासी एक व्यक्ति पिछले एक साल से नल कनेक्शन के लिए दर-दर भटक रहा है. उसने टैक्स भर दिया, परमिशन भी मिल गई, लेकिन एक साल पहले की गई प्रक्रिया के बाद भी उसे अब तक नल कनेक्शन नहीं दिया गया है, जिसके लिए वह कई बार नपा के चक्कर काट चुका है. कनेक्शन न होने के कारण उनके परिवार को पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है.

नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 28 स्थित दुपाड़ा रोड पर सरस्वती विद्या मंदिर के पीछे रहने वाले अधिवक्ता प्रमोद कुशवाह बीते एक वर्ष से नल कनेक्शन के लिए नगर पालिका के चक्कर काट रहे हैं. उन्होंने मकान निर्माण से पहले नगर पालिका से विधिवत अनुमति ली थी और हाउस टैक्स, संपत्ति कर और विकास शुल्क सहित सभी आवश्यक शुल्क जमा किए थे. निर्माण पूरा होने के बाद 31 जनवरी 2025 को रसीद क्रमांक 39 के साथ नल कनेक्शन के लिए आवेदन दिया गया था, लेकिन अब तक उन्हें कनेक्शन नहीं मिला है. कुशवाह ने अपनी समस्या के समाधान के लिए 24 फरवरी, 4 मार्च और 10 मार्च 2025 को सीएमओ और कलेक्टर को भी लिखित आवेदन दिए, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई. उनका आरोप है कि नगर पालिका ने अनुमति और शुल्क लेने के बावजूद अब उनके मकान को अवैध कालोनी बताकर कनेक्शन देने से इनकार कर रही है. इस मामले से जुड़ा एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वे सीएमओ कार्यालय में शिकायत दर्ज कराते हुए दिख रहे हैं.

नपा को टंकी हैंडओवर नहीं हुई

इस संबंध में नगर पालिका सीएमओ भूपेंद्र दीक्षित ने बताया कि संबंधित का मकान एक तरफबना है, जहां अलग से पाइपलाइन डालना संभव नहीं है. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सिद्धार्थ नगर की पानी की टंकी अभी नगर पालिका को हैंडओवर नहीं हुई है. सीएमओ के अनुसार कुशवाह का नाम अमृत धारा 2 योजना में जोड़ दिया गया है और योजना का काम पूरा होते ही उन्हें कनेक्शन दे दिया जाएगा. हालांकि कनेक्शन मिलने की कोई निश्चित समय सीमा नहीं बताई गई है. इधर, मामले में पीड़ित ने बताया कि यदि उन्हें जल्द ही नल कनेक्शन नहीं मिलता है, तो वे न्याय के लिए न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे.

नीलकंठेश्वर मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

भोले डूंगरी पर भी पहुंचे श्रद्धालु, मंदिर में हुई भजन संध्या

शुजालपुर, 16 फरवरी. महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शहर के नीलकंठेश्वर कॉलोनी स्थित श्री नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर में भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला. दिनभर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती रही और पूरा क्षेत्र हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजता रहा.

वार्ड क्रमांक 12 स्थित मंदिर में भगवान शिव के नीलकंठ स्वरूप का दिव्य एवं आकर्षक श्रृंगार किया गया. फूलों एवं विद्युत सज्जा से सुसज्जित मंदिर परिसर भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा. श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की. महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में आयोजित भव्य भजन संध्या में देर रात तक भक्त शिव भजनों पर झूमते रहे. भक्ति रस से सराबोर वातावरण में शिव नाम का निरंतर जाप होता रहा. मध्यरात्रि में महाआरती के साथ विशेष पूजन सम्पन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी शामिल हुए. पूरे आयोजन के दौरान मंदिर समिति द्वारा व्यवस्थाएं संभाली और श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण भी की गई.

महादेव का रुद्राभिषेक

मंदिर में दिनभर जलाभिषेक, रुद्राभिषेक एवं विशेष पूजन का क्रम चलता रहा. शाम को आयोजित भव्य महाआरती में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए. मेले में ग्रामीणों के लिए झूले, प्रसाद वितरण और विभिन्न दुकानों की व्यवस्थाएं आकर्षण का केंद्र रहीं. भोले डुंगरी सेवा समिति एवं नवयुवक मंडल के सहयोग से आयोजन शांतिपूर्वक एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ. श्रद्धालुओं ने इस आयोजन को आस्था, एकता और परंपरा का प्रतीक बताया.

मेले में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ ...

ग्राम अरनियाकलां के समीप स्थित भोले डूंगरी अलीसरिया स्थित श्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर भव्य मेले का आयोजन हुआ . सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिर परिसर में उमड़ पड़ी और हर-हर महादेव के जयकारों से वातावरण शिवमय हो गया . पर्व के अवसर पर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार तथा विधायक घनश्याम चंद्रवंशी मंदिर पहुंचे . उन्होंने 18 फीट ऊंचे त्रिशूल के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की तथा प्रदेश और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की .

जिले के पंजीकृत श्रमिक ई केवायसी कराएं

शाजापुर, 16 फरवरी. मप्र भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल योजना अंतर्गत जिले की नगरीय निकाय एवं जनपद पंचायत अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों की 100 प्रतिशत ई केवायसी किया जाना है. श्रम पदाधिकारी ने बताया कि इस संबंध में शासन की ओर से स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं कि मप्र भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल योजना अंतर्गत सभी पंजीकृत श्रमिक एक माह की समय सीमा में अपना ई केवायसी अवश्य करवा लें. श्रम विभाग शाजापुर की ओर से जारी अपील में सभी पंजीकृत श्रमिकों से अपील की गई है कि जिन श्रमिकों द्वारा अभी तक ई केवायसी नही कराया गया है, वे एक माह की समय सीमा में अपनी ई केवायसी अनिवार्यत: करवा लें, जिससे श्रमिकों के लिए संचालित शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो. पंजीकृत श्रमिक अपनी समग्र आईडी की ई केवायसी एमपी ऑनलाईन के माध्यम से कियोस्क सेन्टर, सीएससी सेन्टर कामन सर्विस सेन्टर आदि के माध्यम से करा सकते हैं. इसके अलावा स्वयं भी अपने मोबाईल से ओटीपी प्राप्त कर ई केवायसी कर सकते हैं. अधिक जानकारी के लिए श्रम विभाग शाजापुर में सम्पर्क कर सकते हैं.

बम भोले के जयकारों से गूंजे शिवालय

भोलेनाथ के किए दर्शन, बिल्व पत्र चढ़ाकर दूध, दही और जल से किया अभिषेक

सोयतकलां, 16 फरवरी. नगर सहित क्षेत्र में हर-हर महादेव, बम-बम भोले, जय शिव शंकर जैसे जयकारों के साथ रविवार को महाशिवरात्रि के पावन पर्व की धूम रही. भक्त भोले नाथ के जयकारों और ओम नम: शिवाय के उच्चारण करते हुए शिवालयों में दाखिल हुए. सुबह से ही नगर सहित क्षेत्र के अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ शुरू हो गई थी. दोपहर होते-होते आस्था का सैलाब बढ़ गया. कहीं श्रद्धालुओं ने कतार में खड़े होकर भोलेनाथ के दर्शन किए. भक्तों ने भोले की भक्ति में चूर होकर महाशिवरात्रि पर्व को बड़ी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया.

श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक किया. बिल्व पत्र, धतुरे के अलावा अन्य फल व मिष्ठान आदि चढ़ाए. नगर के माधव चौक में नर्मदेश्वर महादेव का आकर्षण श्रृंगार किया गया. वहीं मंदिर पर आने वाले भक्तों के दर्शन के लिए अलग-अलग कतारें लगाई गई. आने वाले भक्तों को 5 क्विंटल खिचड़ी की प्रसाद वितरण की गई. वहीं भक्तों को चंदन का लेप लगाया गया. जहां व्यवस्था को देखते हुए पुलिस जवानों की भी ड्यूटी लगाई गई. पिड़ावा रोड स्थित रामेश्वर धाम मंदिर रावली के जलेश्वर महादेव मंदिर आदि शिवालयों में भक्तों की भीड़ देखने को मिली. वहीं सालियाखेड़ी टेकरी पर स्थित महादेव मंदिर पर महाशिवरात्रि पर सप्ताह जी का आयोजन किया गया. गांव के प्रमुख मार्गों से बाबा की बारात निकली. जहां बम भोले के भजनों पर भोले के भक्त नाचते गाते हुए बाबा के मंदिर पहुंचे. गत रात्रि भजन संध्या का आयोजन हुआ. सप्ताह जी का समापन सोमवार शाम 4 हुआ. इसके बाद प्रसादी वितरण की गई सालियाखेडी-सोयत कला के बीच सुसा बल्डी पर आसपास के सैकड़ों की संख्या में भक्त पहुंचे. जहां भक्तों ने बाबा के दर्शन किए.

2 साल पहले लिया पनीर का सेंपल अवमानक, 2 लाख का जुर्माना

शाजापुर, 16 फरवरी. अवमानक दूध का कारोबार करने के लिए न्याय निर्णयन अधिकारी कोर्ट ने संचालक पर 2 लाख रुपए का अर्थदण्ड अधिरोपित किया है. सुरक्षा अधिकारी एमके वर्मा ने बताया कि दिनेश चंद्र पाटीदार फर्म कृष्ण डेयरी इंडस्ट्रियल एरिया शाजापुर से 24 फरवरी 2024 को तत्कालीन खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपा टटवाड़े ने पनीर का सैंपल लिया था, जो अवमानक पाया गया. अवमानक पनीर का कारोबार करने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 51 का दोषी पाए जाने पर न्याय निर्णयन अधिकारी कोर्ट का फैसला 5 फरवरी 2026 अनुसार 2 लाख रुपए अर्थदंड राशि अधिरोपित की गई. उन्होंने बताया कि उक्त राशि 15 दिवस में विभागीय चालान से जमा करवाना होगा. अन्यथा संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार द्वारा वसूली भू राजस्व संहिता तथा अधिनियम की धारा 96 अनुसार बकाया राशि के रूप की जाएगी तथा राशि जमा नहीं करने तक संबंधित की खाद्य अनुज्ञप्ति एवं पंजीयन निलंबित रहेगी.

प्रथम नगर आगमन पर फौजी का स्वागत

सोयतकलां, 16 फरवरी. समीपस्थ ग्राम कंठालिया का खेड़ा के सीआरपीएफ जवान विष्णु दांगी ट्रेनिंग पूरी कर पहली बार अपने गांव आए. प्रथम नगर आगमन पर नगरवासियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया. डीजे की धुन पर लवकुश चौराहा सोयत से भव्य जुलूस निकाला गया, जिसका जगह-जगह नगरवासियों द्वारा स्वागत किया गया.

माधव चौक में मंडल अध्यक्ष अमित नागर, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पुष्कर राज जादौन, उपाध्यक्ष राजेश बैरागी ने स्वागत किया. इसके बाद जुलूस का खेरिया में भी स्थानीय लोगों द्वारा स्वागत किया गया. इसके बाद गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने जगह-जगह फौजी विष्णु दांगी का स्वागत किया. गांव में देव दर्शन करने के बाद खेड़ापति हनुमान मंदिर पर समापन किया गया. इस अवसर पर राजेश गुर्जर, दांगी समाज युवा महासंघ जिला अध्यक्ष प्रदीप दांगी, विष्णु दांगी, फौजी रामेश्वर दांगी, फौजी महेश दांगी, फौजी अरविन्द दांगी, फूलचंद दांगी, पप्पू दांगी, मुकेश दांगी, अशोक दांगी, रामकिशन दांगी, रतन दांगी एवं सभी सामाजिक बंधु एवं नगर वासी शामिल रहे.

वकीलों ने किया न्यायालयीन कार्य का बहिष्कार

अधिवक्ता की हत्या का विरोध

शुजालपुर, 16 फरवरी. अभिभाषक संघ शुजालपुर ने अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना की गोली मारकर की गई हत्या के विरोध में सोमवार को न्यायालयीन कार्य से विरत रहकर विरोध दर्ज कराया. संघ ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए प्रदेश में अधिवक्ताओं की सुरक्षा को लेकर ठोस कानून बनाए जाने की मांग उठाई है.

संघ द्वारा जारी ज्ञापन में बताया गया कि 14 फरवरी 2026 को कोरवा जिला शिवपुरी में अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना की अज्ञात बदमाशों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. इस घटना से प्रदेशभर के अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त है. ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम संबोधित पत्र अनुविभागीय अधिकारी शुजालपुर को सौंपा गया. अभिभाषक संघ ने कहा कि राज्य अधिवक्ता परिषद लंबे समय से अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग कर रहा है, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई है. इसके चलते अधिवक्ताओं पर हमलों की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं. संघ ने मांग की है कि अधिवक्ताओं पर हो रहे हमलों को रोकने के लिए त्वरित एवं सख्त कार्रवाई की जाए तथा शीघ्र एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाए. इस दौरान संघ पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा. ज्ञापन सौंपने के दौरान अभिभाषक संघ अध्यक्ष कैलाश यादव, उपाध्यक्ष प्रीतम राणा, सचिव संजय शर्मा, सह सचिव चांदसिंह राजपूत, कोषाध्यक्ष कैलाश सरोठिया, पुस्तकालय अध्यक्ष मांगीलाल परिहार, भंवरलाल परमार, धनसिंह मेवाड़ा, रमेश राजपूत, शैलेन्द्र सक्सेना, धनसिंह राजपूत, सचिन सबनीश, नीरज सक्सेना, दिलीप गुर्जर सहित अन्य अभिभाषकगण मौजूद थे.

एक नजर में

समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए सख्त निर्देश

सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का दो दिन में निराकरण करें : कलेक्टर

सोयतकलां, 16 फरवरी. कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव ने निर्देश दिए हैं कि सीएम हेल्पलाईन पोर्टल पर 50 दिवस से अधिक समय से लंबित सभी शिकायतों का आगामी दो दिवस में अनिवार्य रूप से निराकरण किया जाए. शिकायत निराकरण में जिन विभागों का प्रदर्शन निम्न है, वे शीघ्र सुधार कर ए ग्रेड प्राप्त करें. निर्धारित समय सीमा में समाधान नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी.

यह निर्देश कलेक्टर श्रीमती यादव ने सोमवार को आयोजित समय-सीमा टीएल बैठक में सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा करते हुए दिए. बैठक में राजस्व, वन, शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग की ग्रेडिंग की समीक्षा कर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए. बैठक में एसडीएम आगर मिलिंद ढोके , डिप्टी कलेक्टर कमल मंडलोई, समस्त तहसीलदार, सीएमओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे. मुख्य सचिव की अध्यक्षता में होने वाली आगामी वीडियो कॉन्फ्रेंस को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर ने सभी विभागों को अंतिम प्रगति पत्रक फाइनल पीटी तैयार कर आंकड़ों का सत्यापन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. साथ ही सभी विभागों को प्रतिदिन डेटा अपडेट करने के लिए कहा गया.

राजस्व प्रकरणों पर विशेष जोर

कलेक्टर ने सीमांकन, नामांतरण एवं बंटवारा जैसे राजस्व प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया. समस्त तहसीलदारों को निर्देशित किया गया कि सोयाबीन मुआवजा न प्राप्त होने से संबंधित शिकायतों का प्राथमिकता के साथ शत-प्रतिशत निराकरण किया जाए. उर्वरक वितरण हेतु सभी कृषकों की फार्मर आईडी बनाई जाए. जिनकी फार्मर आईडी बनी है, उनके सभी खसरे लिंक करें. समग्र ई केवाईसी की प्रगति की समीक्षा कर जनपद सीईओ और नगरीय निकाय सीएमओ को आवश्यक निर्देश दिए.

जनगणना 2027 की पूर्व तैयारियां ...

बैठक में जनगणना 2027 के संबंध में पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी गई . कलेक्टर ने बताया कि जनगणना फरवरी-मार्च 2027 तक दो चरणों में पूर्ण की जाएगी . यह कार्य पूर्णत: डिजिटल माध्यम से किया जाएगा . इसके लिए अधिकारी-कर्मचारियों की नियुक्ति की जाएगी तथा जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा . जनगणना से संबंधित सभी पूर्व तैयारियां शासन निर्देशानुसार समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए .

दर्ज आवेदनों की समीक्षा की ...

कलेक्टर ने टीएल मार्क किए गए आवेदनों एवं अन्य लंबित शिकायतों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए . सभी तहसीलदारों को भूमि अभिलेखों के अद्यतनकरण एवं लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश भी दिए गए . संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत दर्ज आवेदनों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि जिन विभागों द्वारा अब तक आवेदन दर्ज नहीं किए गए हैं . वे तत्काल पंजीयन करें . जिले का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए दो दिवस के भीतर सभी लंबित आवेदनों के निराकरण के निर्देश दिए गए . इसके अतिरिक्त सभी विभागों को आई गोट पोर्टल पर पंजीयन कराने तथा जिन अधिकारियों की आईडी निर्मित नहीं हुई है, उन्हें तत्काल आईडी बनवाने के निर्देश दिए गए . कलेक्टर ने विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विभाग शासन स्तर से प्राप्त लक्ष्य को शत-प्रतिशत प्राप्त करना सुनिश्चित करें .